ओ३म्

वैदिक-दैनन्दिनी

डायरी

१९७५

दयानन्द संस्थान, नई दिल्ली-५

॥ ओ३म् ॥

वैदिक दैनन्दिनी
(डायरी)

(आर्यसमाज शताब्दी वर्ष)

संवत् २०३१-३२
आर्य संवत्सर १९६०८५३०७५
दयानन्दाब्द १४८
ईसवी सन्
१९७५

प्रत्येक पृष्ठ पर वैदिक सूक्ति
व
संध्या प्रार्थना हवन मंत्रों सहित

प्रकाशक—
—पंडिता राकेशरानी
जन-ज्ञान प्रकाशन
१५९७, हरध्यानसिंह मार्ग
करौलबाग, नई दिल्ली-५

दयानन्द संस्थान
नई दिल्ली का प्रकाशन

संपादक—

दूरभाष : ५६६६३९

—जगदीश विद्यार्थी, एम० ए०
—कु० ज्योत्स्ना, एम० ए०

द्वितीय संस्करण मूल्य ३) सजिल्द ४)

हिन्दुस्तान आफसैट प्रेस दिल्ली

प्रभु पुत्र बनने का मूल मंत्र

मुझे इस बात की कभी परवाह नहीं करनी कि संसार मेरे सम्बन्ध में क्या कहता है। अपितु—

मैं केवल यह सोचता रहूँ कि कोई ऐसा काम मैं न करूँ कि अपनी ही दृष्टि में गिर जाऊं।

卐

मेरे जीवन में जो ऐसे पृष्ठ हैं जिन्हें मैं छिपाना चाहता हूँ, बस वहीं मुझे गिराने वाले हैं।

प्रतिदिन रात्रि को सोते समय अपने दिन भर के कामों पर दृष्टि डालो और स्वयं सोचो कि इनमें से क्या तुम दुनियां से छिपाना चाहोगे। जिन्हें छिपाना पड़े ऐसे काम करना छोड़ दो। और सदा सोचो मैं कौन हूँ ? मैं इस संसार में क्यों आया हूं ? और मुझे यहाँ से क्या लेकर जाना है ?

—भारतेन्द्रनाथ

स्वामी दया नन्द जी सरस्वती

व्यक्तिगत स्मरण पृष्ठ

नाम..

पता..

मकान नम्बर..

तार का नम्बर..

जन्म तिथि स्वामी डायरी ....

वजन.............................दिनांक..................................

जन्म तिथि बच्चा ....

कार नम्बर...

कार लाइसेंस नम्बर..

साइकिल नम्बर...

साइकिल टोकन नम्बर..

रेडियो नम्बर..

रेडियो लाइसेंस नम्बर..

टेलीविजन लाइसेंस नम्बर...

टेलीफोन नम्बर दफ्तर....................घर..............................

बीमा पालिसी नम्बर..

आर्म्स लाइसेंस नम्बर..

अन्य बातें..

दैनिक सन्ध्या

प्रत्येक व्यक्ति को प्रतिदिन प्रातः सायं जीवन में सफलता के लिए संध्या अवश्य करनी चाहिए। संध्या करते हुए मन को एकाग्र कर स्वयं को और प्रभु को जानने का चिन्तन करना चाहिए।

पहले पहल सीखने वालों को चाहिए कि वे मन्त्रों को उच्च स्वर से बोलने का अभ्यास करें और मन्त्रार्थों का मन में ध्यान करें। मन्त्र ही वैदिक सन्ध्या के भाग हैं न कि अर्थ। अर्थ तो मन की एकाग्रता के लिए सहायक हैं।

गले का कफ आदि साफ करने के लिए सर्वप्रथम दाईं हथेली में जल लेकर निम्न मन्त्र से (अर्थविचारपूर्वक) तीन आचमन करें।

ओ३म् शन्नो देवीरभिष्टय आपो भवन्तु पीतये शंयोरभि स्रवन्तु नः ।। यजु० अ० ३६। मं० १२ ।।

भावार्थ—सबका प्रकाशक, सबको आनन्द देने वाला, और सर्वव्यापक ईश्वर मनोवांछित आनन्द की प्राप्ति तथा पूर्णानन्दयोग से तृप्त होने के लिए हमारा कल्याण करे और हम पर सब ओर से सुख और शान्ति की वर्षा करे।

तीन आचमन करने के बाद निम्न मन्त्रों से अंग स्पर्श करें—

ओं वाक् वाक्। ओं प्राणः प्राणः। ओं चक्षुः चक्षुः। ओं श्रोत्रम् श्रोत्रम्। ओं नाभिः। ओं हृदयम्। ओं कण्ठः। ओं शिरः। ओं बाहुभ्यां यशो बलम्। ओं करतल कर पृष्ठे ।।

भावार्थ—हे ईश्वर! हमारी वाणी, प्राण, चक्षु, श्रोत्र, नाभि हृदय, कण्ठ, शिर, बाहु, करतल (हथेली) और हमारे हाथ सब बलवान् हों और हमारी कीर्ति का कारण बनें।

मार्जनम्

बाएँ हाथ में थोड़ा जल ले लें। दाएँ हाथ की मध्यमा और अनामिका से अपने अङ्गों का उस जल से मार्जन करें।

ओं भूः पुनातु शिरसि। ओं भुवः पुनातु नेत्रयोः। ओं स्वः पुनातु कण्ठे। ओं महः पुनातु हृदये। ओं जनः पुनातु नाभ्याम्। ओं तपः पुनातु पादयोः। ओं सत्यं पुनातु पुनश्शिरसि। ओं खं ब्रह्म पुनातु सर्वत्र॥

भावार्थ—हे समस्त जगत् के जीवन के हेतु, प्राण से भी प्रिय परमात्मन्! मेरे शिर में पवित्रता हो। हे धर्मात्माओं को सब दुःखों से अलग करके सर्वदा सुख में रखनेवाले प्रभो! मेरे नेत्रों में पवित्रता हो। हे सर्वव्यापक सुखस्वरूप ईश्वर! मेरे कण्ठ में पवित्रता हो। हे महान्, पूजनीय प्रभो! मेरे हृदय में पवित्रता हो। हे सबको उत्पन्न करने वाले ईश्वर! मेरी नाभि में पवित्रता हो। हे दुष्टों के सन्तापकारक, सत्य-धर्म का प्रवर्तन करने वाले प्रभो! मेरे पैरों में पवित्रता हो। हे सत्यस्वरूप ईश्वर, मेरे शिर में फिर पवित्रता हो। हे सर्वव्यापक प्रभो! आप सर्वत्र पवित्रता करें।

ओं भूः। ओं भुवः। ओं स्वः। ओं महः। ओं जनः। ओं तपः। ओं सत्यम्।

भावार्थ—हे प्रभो! आप समस्त जगत् के जीवन के हेतु और प्राणों से भी प्रिय हैं। आप धर्मात्माओं को सब दुःखों से अलग करके सर्वदा सुख में रखने वाले हैं। आप सर्वव्यापक, सबको धारण कर नियम में रखने वाले और सुखस्वरूप हैं। आप महान् और पूजनीय हैं। आप सबको उत्पन्न करने वाले हैं। आप दुष्टों के सन्तापकारक और न्यायाधीश हैं। आप सत्यस्वरूप हैं।

उपर्युक्त मन्त्र को बोलकर तीन प्राणायाम करें। प्राणायाम विधि यह है—

(क) एकदम सीधे होकर पद्मासन से बैठ जाएं। छाती, गर्दन और सिर तीनों एक सीध में रहें।

(ख) धीरे धीरे श्वास बाहर निकालें और श्वास निकाल देने के बाद उसे बाहर ही जितनी देर हो सके, रोक रखें।

(ग) जब और रोकना कठिन हो जाए, थोड़ा सा श्वास छोड़ कर धीरे-धीरे अन्दर श्वास लेने लगें। सांस को पूरी तरह भर लें। और रोक रखें।

(घ) जब और रोक रखना असम्भव हो जाए, तो पहले के

समान मांस को बाहर निकालें।

(ङ) ये क्रियाएँ काफी समय तक करते रहें, जिससे अन्दर की एक-एक नस-नाड़ी का व्यायाम हो जाए। परन्तु प्राणायाम करते समय उपर्युक्त प्राणायाम मन्त्र का जप करते जाएँ और अर्थ में मन एकाग्र रखें।

अघमर्षणम्

ओ३म् ऋतञ्च सत्यञ्चाभीद्धात्तपसोऽध्यजायत।
ततो राऽयजायत ततः समुद्रो अर्णवः ॥१॥
समुद्रादर्णवादधि संवत्सरो अजायत।
अहोरात्राणि विदधद्विश्वस्य मिषतो वशी ॥२॥
सूर्य्याचन्द्रमसौ धाता यथापूर्वमकल्पयत्।
दिवञ्च पृथिवीञ्चान्तरिक्षमथो स्वः ॥३॥

भावार्थ—समस्त संसार का धारण और पोषण करने और उसे वश में रखने वाले परमेश्वर ने पहली सृष्टियों में जिस प्रकार की रचना की उसी प्रकार, जीवों के पाप-पुण्य के अनुसार प्राणि-देह और अन्य सृष्टियों को बनाया है। प्राकृतिक, नैतिक और सामाजिक नियम, सूर्य, चन्द्र, द्युलोक, पृथिवी, अन्तरिक्ष, लोक-लोकान्तर, दिन, रात तथा सभी क्षणादि उसी की सामर्थ्य से बने हैं। उसकी इस अनन्त सामर्थ्य को ध्यान में रखते हुए हम सर्वत्र सब क्षणों में उसकी व्यापकता को अनुभव करते हुए पाप करने से दूर रहें।

इस प्रकार मनसा वाचा कर्मणा पापानुष्ठान के सर्वथा परित्याग का संकल्प करने के पश्चात् "ओ३म् शन्नो देवी०" इस पूर्वोक्त मन्त्र से आचमन करें।

मनसा परिक्रमा

ओ३म् प्राची दिगग्निरधिपतिरसितो रक्षितादित्या इषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः ॥१॥

भावार्थ—पूर्व दिशा जो निरन्तर प्रगति की प्रतीक है। वह

हमारे हृदय को प्रकाशित और प्रेरित करे क्योंकि निरन्तर प्रगति हमारा पहला लक्ष्य है। हम भी अपने स्वामी के समान ज्ञानमय, बन्धनरहित, कल्याणकारी साधनों के स्वामी बनें। हमारे विचार स्वतन्त्र और ऊँचे हों, ताकि हम जीवन लक्ष्य को प्राप्त कर सकें। हे प्रभो! हम अपने गुणों से शत्रु को भी मित्र बना लें।

दक्षिणा दिगिन्द्रोऽधिपतिस्तिरश्चिराजी रक्षिता पितर इषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। यो३स्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः ॥२॥

भावार्थ—हमारी दक्षिण दिशा हमारे लिए ऐश्वर्य की प्रेरक बने क्योंकि ऐश्वर्य और दक्षता हमारा दूसरा लक्ष्य है। हम भी सच्चे अर्थों में अपनी इन्द्रियों के ईश्वर, और दुर्गुणों पर शासन करनेवाले बनें। आप्त विद्वानों को अपना मार्ग दर्शक चुनें ताकि हम इस लक्ष्य को प्राप्त कर सकें और शत्रु भी हमारे मित्र हो जाएँ। हे प्रभो, हम पर ऐसी कृपा करो।

प्रतीची दिग्वरुणोऽधिपतिः पृदाकू रक्षितान्नमिषवः: तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। यो३स्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः ॥३॥

भावार्थ—हे पश्चिम दिशा के स्वामी प्रभो! आप हमारा जीवन आत्मचिन्तन की ओर प्रेरित कीजिए, क्योंकि भोगैश्वर्यों तथा सांसारिक इच्छाओं से पराङ्मुख होना हमारा तीसरा लक्ष्य है। हम भी निष्पाप और पवित्र होकर सबके लिए वरणीय और सर्वश्रेष्ट बनें। पापों से लड़ने तथा संग्राम के लिए उनका आह्वान करने की हम में सामर्थ्य हो। पवित्र मार्ग से प्राप्त अन्न की सहायता से हम अपने आप को ऐसा बनालें कि संसार में कोई हमारा शत्रु न हो।

उदीची दिक्सोमोऽधिपतिः स्वजो रक्षिताशनिरिषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। यो३स्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः ॥४॥

अथर्व ३-२९-४

भावार्थ—हे शान्तिप्रदाता सोम, परमेश्वर ! आप हमारी उत्तम भावनाओं और उत्तर दिशा को शान्ति और आनन्द से पूर्ण कीजिए, क्योंकि हमारा चौथा लक्ष्य शान्ति और भावनाओं व विचारों को ऊँचा बनाना है। हम भी, अपने पिता सोम के समान, शान्त हों। हम में दुर्भावनाओं और दुर्गुणों को फेंक देने की सामर्थ्य हो। परमात्मा के द्वारा दिए गये दण्डों को हम सहर्ष स्वीकार करते हुए इस प्रकार जीवन बिताएँ कि हम संसार में किसी के शत्रु न बनें।

ध्रुवा दिग्विष्णुरधिपतिः कल्माषग्रीवो रक्षिता वीरुध इषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः ॥५॥

भावार्थ—विष्णो ! आप ध्रुव हैं, हमारे जीवन में दृढ़ता धैर्य गुण स्थापित कीजिये, क्योंकि मानसिक स्थिरता हमारा पाँचवाँ लक्ष्य है। हम, उस सर्वशक्तिमान् ईश्वर के समान, यज्ञस्वरूप बनें और प्रत्येक प्राणी में अपनत्व का अनुभव करें। हम भी वेदों की सहायता से सत्कर्म और सन्मार्ग को जानकर दूसरों को उनका उपदेश करें। हम वृक्ष-वनस्पतियों के समान दूसरों का सब प्रकार से उपकार करते हुए जीवन में आगे बढ़ें ताकि हम सभी के प्यारे बन सकें। शत्रु भी हमारे मित्र बन जाएँ।

ऊर्ध्वा दिग् बृहस्पतिरधिपतिः श्वित्रो रक्षिता वर्षमिषवः। तेभ्यो नमोऽधिपतिभ्यो नमो रक्षितृभ्यो नम इषुभ्यो नम एभ्यो अस्तु। योऽस्मान् द्वेष्टि यं वयं द्विष्मस्तं वो जम्भे दध्मः ॥६॥

भावार्थ—हे ऊर्ध्व दिशा के स्वामी बृहस्पति ! आप हमारे कर्मों में सदा ऊँची भावनाएँ स्थापित कीजिये ! क्योंकि आध्यात्मिक दृष्टि से सर्वोच्च स्थिति को प्राप्त करना हमारा छठा और अन्तिम लक्ष्य है। ज्ञान और कर्म में हम ऊँचे हों। हमारा अन्तःकरण शुद्ध और सात्त्विक हो ताकि हम इस पद को प्राप्त कर सकें। बादलों के समान ऊँचे चढ़कर सत्य ज्ञान, आनन्द और शान्ति की वर्षा से पीड़ितों का उपकार करें, ताकि हम सबके मित्र बनें और समस्त प्राणी हमारे मित्र बनें। हम पर निरन्तर सुख-शांति-आनन्द की वर्षा होती रहे।

उपस्थानम्

ओं उद्वयं तमसस्परि स्वः पश्यन्त उत्तरम् । देवं देवत्रा सूर्यमगन्म ज्योतिरुत्तमम् ॥१॥ य० अ० ३५ । १४

भावार्थ—हे प्रभु ! समस्त चराचर जगत् के आत्मा आपको देखते हुए अनन्द श्रद्धावान् होकर स्वप्रकाशस्वरूप,सर्वोत्कृष्ट सब दिव्य गुण वाले पदार्थों में अनन्तादि दिव्य गुण युक्त, धर्मात्माओं, मुमुक्षुओं और योगियों को सब प्रकार का आनन्द देनेवाले, जगत् के प्रलय के बाद भी नित्य स्वरूप में विराजमान, सर्वानन्दस्वरूप अज्ञानान्धकार से परे वर्तमान आपको हम प्राप्त हों ।

उदु त्यं जातवेदसं देवं वहन्ति केतवः । दृशे विश्वाय सूर्य्यम् ॥२॥ यजु० अ० ३३ मं० ३१ ॥

भावार्थ—जिससे ऋग्वेदादि चार वेद प्रसिद्ध हुए हैं, जो दिव्य गुण वाला और सब जीवादि जगत् का प्रकाशक है, जिसको केतु अर्थात् वेद और जगत् के पृथक्-पृथक् रचनादि नियामक गुण प्रकाशित कर रहे हैं, उस परमात्मा का विश्वविद्या की प्राप्ति के लिए हम लोग ध्यान करते हैं ।

चित्रं देवानामुदगादनीकं चक्षुर्मित्रस्य वरुणस्याग्नेः । आप्रा द्यावापृथिवी अन्तरिक्षꣳसूर्य आत्मा जगतस्तस्थुषश्च स्वाहा ॥३॥ य० अ० ७ मं० ४२ ॥

भावार्थ—प्राणी और जड़ जगत् का जो आत्मा है, जो सूर्य और अन्य सब लोकों को वनाकर धारण और रक्षण करने वाला है, जो राग द्वेष रहित मनुष्य तथा अद्भुतस्वरूप विद्वानों के हृदय में सदा प्रकाशित रहता है, जो सकल मनुष्यों के सब दुःख नाश करने के लिए परम उत्तम बल है; वह परमेश्वर हमारे हृदयों में यथावत् प्रकाशित रहे ।

तच्चक्षुर्देवहितं पुरस्ताच्छुक्रमुच्चरत् । पश्येम शरदः शतं जीवेम शरदः शतꣳशृणुयाम शरदः शतं प्रब्रवाम शरदः शतमदीनाः स्याम शरदः शतं भूयश्च शरदः शतात् ॥४॥ य० अ० ३६ मं० २४ ॥

भावार्थ—जो ब्रह्म सबका द्रष्टा, धार्मिक विद्वानों का परम हितकारक, तथा सृष्टि के पूर्व, पश्चात् और मध्य में सत्य स्वरूप से वर्तमान रहता है और सब जगत् का करने वाला है, उसी ब्रह्म को हम लोग सौ वर्ष पर्यन्त देखें, सुनें, उसी ब्रह्म का उपदेश करें, और उसकी कृपा से किसी के अधीन न रहें। उसी परमेश्वर की आज्ञा पालन और कृपा से सौ वर्षों के उपरान्त भी हम लोग देखें, जियें, सुनें, सुनावें और स्वतन्त्र रहें, अर्थात् निरोग शरीर, दृढ़ इन्द्रिय, शुद्ध मन और आनन्द सहित हमारा आत्मा सदा रहे।

गायत्री मन्त्र

ओ३म् भूर्भुवः स्वः। तत्सवितुर्वरेण्यम्भर्गो देवस्य धीमहि। धियो यो नः प्रचोदयात् ॥ य० अ० ३६। मं० ३॥

भावार्थ—परम पिता परमात्मा सब जगत् के जीवन का हेतु और प्राण से भी प्रिय है। वह मुक्ति की इच्छा करने वालों, मुक्तों और अपने सेवक धर्मात्माओं को सब दुःखों से अलग करके सर्वदा सुख में रखता है। सब जगत् में व्यापक होकर सबको नियम में रखता है और सबका ठहरने का स्थान तथा सुखस्वरूप है। जो सब जगत् का उत्पन्न करने हारा और ऐश्वर्य का देने वाला है, जो सबके आत्माओं का प्रकाश करने वाला और सब सुखों का दाता है, जो अत्यन्त ग्रहण करने योग्य है, जो शुद्ध विज्ञान स्वरूप है, उसको हम लोग सदा प्रेम-भक्ति से निश्चय करके अपने आत्मा में धारण करें जिससे कि वह परमेश्वर हमारी बुद्धियों को कृपा करके सब बुरे कर्मों से अलग करके सदा उत्तम कामों में प्रवृत्त करे।

समर्पणम्

हे ईश्वर ! दयानिधे ! भवत्कृपया अनेन जपोपासनादि कर्मणा धर्मार्थकाममोक्षाणां सद्यः सिद्धिर्भवेन्नः।

भावार्थ—हे परमात्मन् ! आप की दया से इस जप उपासनादि कर्म के द्वारा हम शीघ्र ही धर्म, अर्थ, काम और मोक्ष की प्राप्ति करें।

नमस्कारमन्त्रः

ओ३म् नमः शम्भवाय च मयोभवाय च नमः शंकराय च मयस्कराय च नमः शिवाय च शिवतराय च ॥

भावार्थ—जो सुखस्वरूप, संसार के उत्तम सुखों को देने वाला, कल्याणकर्त्ता, मोक्षस्वरूप अपने भक्तों को सुख देने वाला और धर्मकार्यों में युक्त करनेवाला, अत्यन्त मंगलस्वरूप, मोक्ष सुख का प्रदाता है, उस प्रभु को हमारा बारम्बार नमस्कार हो ।

प्रार्थना मन्त्र

ओ३म् विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परा सुव ।
यद् भद्रन्तन्न आ सुव ॥१॥ यजु० अ० ३० । मं० ३ ॥

भावार्थ—हे सकल जगत् के उत्पत्तिकर्त्ता, समग्र ऐश्वर्य-युक्त, शुद्धस्वरूप, सब सुखों के दाता परमेश्वर ! आप कृपा करके हमारे सम्पूर्ण दुर्गुण, दुर्व्यसन, और दुःखों को दूर कर दीजिये, और जो कल्याणकारक गुण, कर्म, स्वभाव और पदार्थ हैं, वे हमको प्राप्त कराइए ।

हिरण्यगर्भः समवर्त्तताग्रे भूतस्य जातः पतिरेक आसीत् ।
स दाधार पृथिवीं द्यामुतेमां कस्मै देवाय हविषा विधेम ॥२॥
यजु० अ० १३ । मं० ४ ॥

भावार्थ—जो प्रकाशस्वरूप है और जिसने प्रकाश करने वाले सूर्य चन्द्रादि पदार्थ उत्पन्न करके धारण किये हैं, जो उत्पन्न हुए जगत् का प्रसिद्ध स्वामी एक ही चेतन स्वरूप था, जो सब जगत् के उत्पन्न होने से पूर्व वर्त्तमान था वह इस भूमि और सूर्यादि को धारण कर रहा है । हम लोग उस सुखस्वरूप शुद्ध परमात्मा की अति प्रेम से भक्ति किया करें ।

य आत्मदा बलदा यस्य विश्व उपासते प्रशिषं यस्य देवाः ।
यस्य च्छायाऽमृतं यस्य मृत्युः कस्मै देवाय हविषा विधेम ।३।
यजु० अ० २५ मं० १३ ॥

भावार्थ—जो आत्मज्ञान का दाता, शरीर, आत्मा और समाज के बल का देने वाला है, जिसकी सब विद्वान् लोग उपासना करते हैं और जिसके प्रत्यक्ष सत्यस्वरूप शासन, न्याय अर्थात् शिक्षा को मानते हैं, जिसके आश्रय ही मोक्ष सुखदायक है, जिसका न मानना अर्थात् भक्ति न करना ही मृत्यु आदि दुःख का हेतु है, हम लोग सुखस्वरूप सकल ज्ञान के देने वाले परमात्मा की प्राप्ति के लिए आत्मा और अन्तःकरण से भक्ति विशेष करें अर्थात् उसी की आज्ञा पालन करने में तत्पर रहें।

यः प्राणतो निमिषतो महित्वैक इद्राजा जगतो बभूव।
य ईशे अस्य द्विपदश्चतुष्पदः कस्मै देवाय हविषा विधेम ।४।

यजु० अ० २३ । म० ३ ॥

भावार्थ—जो प्राण वाले और अप्राणिरूप जगत् का अपनी अनन्त महिमा से एक ही विराजमान राजा है, जो इस मनुष्यादि और गौ आदि प्राणियों के शरीर की रचना करता है, हम लोग उस सुखस्वरूप, सकल ऐश्वर्य के देने वाले परमात्मा के लिए अपनी सकल उत्तम सामग्री से विशेष भक्ति करें।

येन द्यौरुग्रा पृथिवी च दृढ़ा येन स्वः स्तभितं येन नाकः।
यो अन्तरिक्षे रजसो विमानः कस्मै देवाय हविषा विधेम ।५।

यजु० अ० ३२ । मं० ६ ॥

भावार्थ—जिस परमात्मा ने तीक्ष्ण स्वभाव वाले सूर्य और पृथ्वी को धारण किया है, जिस जगदीश्वर ने सुख को धारण किया है, जिस ईश्वर ने दुःख रहित मोक्ष को धारण किया है, जो आकाश में सब लोकलोकान्तरों को विशेष मानयुक्त, अर्थात् जैसे पक्षी आकाश में उड़ते हैं, वैसे सब लोकों का निर्माण करता और भ्रमण कराता है, हम लोग उस सुखदायक कामना करने योग्य परब्रह्म की प्राप्ति के लिए सब सामर्थ्य से विशेष भक्ति करें।

प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परि ता बभूव।
यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणाम् ॥६॥

ऋ० म० १० । सू० १२१ । म० १० ॥

भावार्थ—हे सब प्रजा के स्वामी परमात्मा! आपसे भिन्न

दूसरा कोई इन सब उत्पन्न हुए जड़चेतनादिकों का तिरस्कार नहीं करता, अर्थात् आप सर्वोपरि हैं। जिस-जिस पदार्थ की कामना वाले हम लोग आपका आश्रय लें और वाञ्छा करें, वे सब हमारी कामनायें सिद्ध हों, जिससे हम धनैश्वर्यों के स्वामी बनें।

स नो बन्धुर्जनिता स बिधाता धामानि वेद भुवनानि विश्वा।
यत्र देवा अमृतमानशानास्तृतीये धामन्नध्यैरयन्त ॥७॥

यजु० अ० ३२। मं०

भावार्थ—हे मनुष्यो ! वह परमात्मा हमारा सहायक, सकल जगत् का उत्पादक, सब कार्यों को पूर्ण करने वाला, सम्पूर्ण लोकमात्र—नाम, स्थान, जन्मों—को जानता है। जिस परमात्मा में मोक्ष को प्राप्त होकर विद्वान लोग स्वेच्छापूर्वक विचरते हैं, वही परमात्मा अपना गुरु, आचार्य राजा और न्यायाधीश है। हम लोग मिलकर सदा उसकी भक्ति किया करें।

ओम् अग्ने नय सुपथा राये अस्मान्विश्वानि देव वयुनानि विद्वान्।
युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां ते नमऽउक्तिं विधेम ॥८॥

यजु० अ० ५। मं० ३६॥

भावार्थ—हे स्वप्रकाशक ज्ञानस्वरूप, सब जगत् के प्रकाश करने वाले, सकल सुखदाता परमेश्वर ! आप जिससे सम्पूर्ण विद्यायुक्त हैं, कृपा करके हम लोगों को विज्ञान तथा राज्यादि ऐश्वर्य अच्छे धर्म युक्त मार्ग से प्राप्त कराइये और हमसे कुटिलता युक्त पापरूप कर्म को दूर कीजिए। इस कारण हम लोग आपकी नम्रतापूर्वक बहुत प्रकार की स्तुति और प्रशंसा सदा किया करें।

अथ अग्निहोत्रम्

प्रत्येक आर्य को प्रतिदिन पांच यज्ञ करने चाहिएँ। इन पांचों महायज्ञों का वर्णन महर्षि दयानन्द सरस्वती ने अपनी "पञ्च-महायज्ञ विधि' में किया है। उनमें से एक है "देवयज्ञ" जिसे लोक भाषा में "हवन" कहते हैं।

यह हवन [illegible] और [illegible] दोनों [illegible] के समान

ही किया जाना चाहिए। सायंकाल समय न मिले तो प्रातःकाल ही दोनों कालों की आहुतियां दे देनी चाहिएं।

इस अध्याय में पहले दैनिक यज्ञ के मन्त्र और फिर विशेष यज्ञ में बोले जाने वाले सामान्य प्रकरण के मन्त्र दिये गये हैं। विशेष यज्ञ सदा दैनिक यज्ञ के बाद ही करना चाहिये।

आचमनम्

ओं अमृतोपस्तरणमसि स्वाहा ॥१॥
ओं अमृतापिधानमसि स्वाहा ॥२॥
ओं सत्यं यशः श्रीर्मयि श्रीः श्रयतां स्वाहा ॥३॥

तैत्तिरीय आरण्यक प्र० १० । अनु० ३२, ३५ ॥

ऊपर लिखे एक-एक मन्त्र को बोलकर यज्ञ पर बैठे हुए सब लोग एक-एक आचमन करें।

अंगस्पर्श मन्त्र

अब थोड़ा जल बाएँ हाथ में ले लें और दाएँ हाथ की मध्यमा और अनामिका अंगुलियों को मिलाकर, जल स्पर्श करके, प्रथम दक्षिण और पश्चात् वाम अंगों को निम्नलिखित मन्त्रों से स्पर्श करें।

ओं वाङ्म आस्येऽस्तु।
ओं नसोर्मे प्राणोऽस्तु।
ओं अक्ष्णोर्मे चक्षुरस्तु।
ओं कर्णयोर्मे श्रोत्रमस्तु।
ओं बाह्वोर्मे बलमस्तु।
ओं ऊर्वोर्मे ओजोऽस्तु।
ओं अरिष्टानि मेऽङ्गानि तनूस्तन्वा मे सह सन्तु।

(पारस्कर गृह्य० १, ३, २५)

अग्न्याधानम्

ओं भूर्भुवः स्वः।

—इस मन्त्र का उच्चारण करके, घृत का दीपक जला, उससे कपूर में अग्नि लगा, किसी एक पात्र में धर, उसमें छोटी

लकड़ियां लगाकर, यजमान या पुरोहित उस पात्र को दोनों हाथों से उठा, यदि गर्म हो तो चिमटे से पकड़ कर अगले मन्त्र से अग्न्याधान करें।

—ओं भूर्भुवः स्वर्द्यौरिव भूम्ना पृथिवीव वरिम्णा।
तस्यास्ते पृथिविदेवयजनिपृष्ठेऽग्निमन्नादमन्नाद्यायादधे ॥१॥
(यजु० अ० ३। म० ५)

—पूर्वोक्त मन्त्र से वेदी के बीच में अग्नि को धर, उस पर छोटे-छोटे काष्ठ और थोड़ा कपूर धर अगला मन्त्र पढ़ के व्यजन से अग्नि को प्रदीप्त करें।

ओं उद्बुध्यस्वाग्ने प्रतिजागृहि त्वमिष्टापूर्त्ते
सᳫं सृजेथामयं च।
अस्मिन्त्सधस्थे अध्युत्तरस्मिन् विश्वे देवा यजमानश्च
सीदत ॥
(यजु० अ० १५। मं० ५४)

—जब अग्नि समिधाओं में प्रविष्ट होने लगे तब चन्दन की अथवा पलाश की तीन लकड़ियां आठ-आठ अंगुल की घृत में डुबा, उनमे से एक-एक निकाल, नीचे लिखे अनुसार अग्नि में चढ़ाएं।

ओं अयन्त इध्म आत्मा जातवेदस्तेनेध्यस्व वर्धस्व चेद्ध वर्धय चास्मान् प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेनान्नाद्येन समेधय स्वाहा। इदमग्नये जातवेदसे—इदन्न मम।
(आश्वलायन गृह्य० १, १०, १२)

—इस मन्त्र से एक समिधा डालें।

ओं समिधाग्निं दुवस्यत घृतैर्बोधयतातिथिम्।
आस्मिन् हव्या जुहोतन स्वाहा। इदमग्नये इदन्न मम॥
(यजु० ३, २)

—इससे और अगले मंत्र से एक और समिधा डालें।

सुसमिद्धाय शोचिषे घृतं तीव्रं जुहोतन।
अग्नये जातवेदसे स्वाहा। इदमग्नये जातवेदसे—इदन्न मम॥ (यजु० ३, १)

तन्त्वा समिद्‌भिरंगिरो घृतेन वर्द्धयामसि ।
बृहच्छोचा यविष्ठ्य स्वाहा । इदमग्नयेऽङ्गिरसे इदन्न मम ॥
(यजु० ३. ३)

—इस मन्त्र से तीसरी समिधा डालें ।

इस प्रकार समिदाधान करने के पश्चात् नीचे लिखे मन्त्र को पांच बार पढ़कर हर बार घृत की आहुति दें ।

ओ३म् अयन्त इध्म आत्मा जातवेदस्तेनेध्यस्व वर्धस्व चेद्ध वर्धय चास्मान् प्रजया पशुभिर्ब्रह्मवर्चसेनान्नाद्येन समेधय स्वाहा । इदमग्नये जातवेदसे—इदन्न मम ॥

जल प्रोक्षणम्

तत्पश्चात् अंजलि में जल लेकर वेदी के पूर्व आदि दिशाओं में चारों ओर निर्देशानुसार छिड़कें ।

ओं अदितेऽनुमन्यस्व । पूर्व में
ओं अनुमतेऽनुमन्यस्व । पश्चिम में
ओं सरस्वत्यनुमन्यस्व । उत्तर में
(गोभिल गृ० सू०—१, ३, १ से ३ तक)

ओं देव सवितः प्रसुव यज्ञं प्रसव यज्ञपतिं भगाय । दिव्यो गन्धर्वः केतपूः केतं नः पुनातु वाचस्पतिर्वाचं नः स्वदतु ॥ यजु० ३०. १ । इस मंत्र से चारों ओर ।

आघारावाज्याहुति

निम्नलिखित मन्त्रों से निर्देशानुसार यजमान घी की दो आहुतियां दें ।

ओं अग्नये स्वाहा ॥ इदमग्नये—इदं न मम ॥
इस मन्त्र से वेदी के उत्तर भाग अग्नि में ।

ओं सोमाय स्वाहा ॥ इदं सोमाय—इदं न मम ॥
इस मन्त्र से वेदी के दक्षिण भाग अग्नि में ॥
(गो० गृ० प्र० १ । खं० ८ । सू० २४)

आज्यभागाहुति

यजमान निम्नलिखित दो मन्त्रों से कुण्ड के मध्य में दो घी की आहुतियाँ दें।

ओं प्रजापतये स्वाहा ॥ इदं प्रजापतये—इदं न मम ॥
ओं इन्द्राय स्वाहा । इदमिन्द्राय—इदं न मम ॥

प्रातःकाल की आहुतियाँ

इसके पश्चात् यजमान तथा अन्य होता आदि प्रातःकाल हवन में निम्नलिखित मन्त्रों से घी और सामग्री की आहुतियाँ दें।

ओं सूर्यो ज्योतिर्ज्योतिः सूर्यः स्वाहा ॥१॥
ओं सूर्यो वर्चो ज्योतिर्वर्चः स्वाहा ॥२॥
ओं ज्योतिः सूर्यः सूर्यो ज्योतिः स्वाहा ॥३॥
ओं सजूर्देवेन सवित्रा सजूरुषसेन्द्रवत्या ।
जुषाणः सूर्यो वेतु स्वाहा ॥४॥
ओं भूरग्नये प्राणाय स्वाहा ।
इदमग्नये प्राणाय इदन्न मम ॥
ओं भुवर्वायवेऽपानाय स्वाहा ।
इदं वायवेऽपानाय इदन्न मम ॥
ओं स्वरादित्याय व्यानाय स्वाहा ।
इदमादित्याय व्यानाय इदन्न मम ॥
ओं भूर्भुवः स्वरग्निवाय्वादित्येभ्यः
प्राणापानव्यानेभ्यः स्वाहा । इदमग्निवाय्वा-दित्येभ्यः प्राणापानव्यानेभ्यः इदन्न मम ॥

(तैत्तिरीय आरण्यक १०, २)

ओं आपो ज्योती रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरों स्वाहा ।

(तैत्तिरीय आरण्यक १०, ५)

ओं यां मेधां देवगणाः पितरश्चोपासते ।
तया मामद्य मेधयाऽग्ने मेधाविनं कुरु स्वाहा ॥६॥
(यजु० अ० ३२ । मं १४)

ओं विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परा सुव ।
यद् भद्रन्तन्न आ सुव स्वाहा ॥७॥
(यजु० अ० ३० । मं० ३)

ओं अग्ने नय सुपथा रायेऽस्मान् विश्वानि देव वयुनानि विद्वान् । युयोध्यस्मज्जुहुराणमेनो भूयिष्ठां ते नम उक्तिं विधेम स्वाहा ॥८॥ (यजु० अ० ४० । मं० १६)

सायंकाल की आहुतियाँ

यहाँ से लेकर "आपो ज्योतिः" तक के सब मन्त्र तब बोलने चाहिए जब दोनों समय का हवन एक ही समय अर्थात् प्रातःकाल ही करना हो । यदि प्रातः सायं अलग-अलग समय में यज्ञ करना हो तो सायंकाल में "सूर्यो ज्योतिः" के स्थान पर "अग्निर्ज्योतिः" का पाठ करके शेष मन्त्र "आपो ज्योतिः" से लेकर 'अग्ने नय सुपथा" तक प्रातः सायं दोनों समय एक समान बोलने चाहिए ।

निम्नलिखित मंत्रों से सायंकाल की आहुतियाँ देनी चाहिये ।

ओम् अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा ॥१॥
ओम् अग्निर्वर्चो ज्योतिर्वर्चः स्वाहा ॥२॥
ओम् अग्निर्ज्योतिर्ज्योतिरग्निः स्वाहा ॥३॥

इस तीसरे मन्त्र को मन से उच्चारण करके तीसरी आहुति देनी चाहिए—

ओं सजूर्देवेन सवित्रा सजूरात्र्येन्द्रवत्या । जुषाणोऽग्निर्वेतु स्वाहा ॥४॥ (यजु० अ० ३ । मं० ९, १०)

इसके बाद निम्नलिखित मन्त्रों से आहुति दें ।

ओं भूरग्नये प्राणाय स्वाहा ॥

ओं भुववायवेऽपानाय स्वाहा ॥
ओं स्वरादित्याय व्यानाय स्वाहा ॥
ओं भूर्भुवः स्वरग्निवाय्वादित्येभ्यः प्राणापानव्यानेभ्यः स्वाहा ।
ओं आपो ज्योती रसोऽमृतं ब्रह्म भूर्भुवः स्वरों स्वाहा ।

इसके बाद यदि इच्छा हो तो गायत्री मन्त्र से तीन बार आहुति दे सकते हैं ।

पूर्णाहुति

अन्त में निम्नलिखित मन्त्र तीन बार पढ़कर तीन पूर्णाहुति दें ।

ओं सर्वं वै पूर्णं स्वाहा ॥

भावार्थ—हे सर्वशक्तिमन् प्रभो ! आपने संसार में जो कुछ भी रचा है वह सब आप में पूर्ण है । यह यज्ञ तथा हमारे जीवन का प्रत्येक काम पूर्ण हो । हम सब भी आपका ही आदेश पालन करें ।

इति दैनिक यज्ञः ।

———

विशेष यज्ञ प्रकरण

जब कोई विशेष यज्ञ अथवा संस्कार करना हो, उस समय आचमन से लेकर आज्यभागाहुति तक दैनिक यज्ञ पहले करना चाहिए । उसके पश्चात् निम्नलिखित विशेष मन्त्रो से आहुति देकर तत्पश्चात् संस्कार या प्रधान होम करके और गायत्री मन्त्रों से आहुति देने के बाद पूर्णाहुति देनी चाहिए ।

ओं अग्नये स्वाहा । इदमग्नये—इदन्न मम ॥
ओं सोमाय स्वाहा । इदं सोमाय—इदन्न मम ॥
ओं प्रजापतये स्वाहा । इदं प्रजापतये—इदन्न मम ॥
ओं इन्द्राय स्वाहा । इदमिन्द्राय—इदन्न मम ॥

ओं भूरग्नये स्वाहा। इदमग्नये--इदं न मम।।
ओं भुवर्वायवे स्वाहा। इदं वायवे--इदं न मम।।
ओं स्वरादित्याय स्वाहा। इदमादित्याय--इदं न मम।।
ओं भूर्भुवःस्वरग्निवाय्वादित्येभ्यः स्वाहा।।
इदमग्निवाय्वादित्येभ्यः--इदं न मम।।

स्विष्टकृदाहुति

इस मन्त्र से घृत के साथ भात की आहुति दें।

ओं यदस्य कर्मणोऽत्यरीरिचं यद्वा न्यूनमिहाकरम्। अग्निष्टत् स्विष्टकृद्विद्यात्सर्वं स्विष्टं सुहुतं करोतु मे। अग्नये स्विष्टकृते सुहुतहुते सर्वप्रायश्चित्ताहुतीनां कामानां समर्द्धयित्रे सर्वान्नः कामान्त्समर्द्धय स्वाहा। इदमग्नये स्विष्टकृते इदन्न मम।। (आश्व० १।१०, २२)

प्राजापत्याहुति

ओं प्रजापतये स्वाहा। इदं प्रजापतये—इदन्न मम।।

इस मन्त्र को मन में बोलकर आहुति दें।

आज्याहुति मन्त्र

ओं भूर्भुवः स्वः। अग्न आयूंषि पवस आ सुवोर्जमिषं च नः। आरे बाधस्व दुच्छुनां स्वाहा।। इदमग्नये पवमानाय इदन्न मम।।१।।

ओं भूर्भुवः स्वः। अग्निर्ऋषिः पवमानः पाञ्चजन्यः पुरोहितः। तमीमहे महागयं स्वाहा।। इदमग्नये पवमानाय इदन्न मम।।२।।

ओं भूर्भुवः स्वः । अग्ने पवस्व स्वपा अस्मे वर्चः सुवीर्यम् । दधद्रयिं मयि पोषं स्वाहा ।। इदमग्नये पवमानाय—इदन्न मम ।।३।। (ऋ० मं० ९ । सू० ६६ । मं० १९-२०)

ओं भूर्भुवः स्वः । प्रजापते न त्वदेतान्यन्यो विश्वा जातानि परि ता बभूव । यत्कामास्ते जुहुमस्तन्नो अस्तु वयं स्याम पतयो रयीणां स्वाहा ।। इदं प्रजापतये—इदन्न मम ।।४।।

अष्टाज्याहुति

इन मन्त्रों से अन्त तक घी के साथ सामग्री की आहुति दें ।

ओं त्वं नो अग्ने वरुणस्य विद्वान् देवस्य हेडोऽव यासिसीष्ठाः । यजिष्ठो वह्नितमः शोशुचानो विश्वा द्वेषांसि प्रमुमुग्ध्यस्मत् स्वाहा ।। इदमग्नीवरुणाभ्याम् । इदन्न मम ।।१।।

ओं स त्वं नो अग्नेऽवमो भवोती नेदिष्ठो अस्या उषसो व्युष्टौ । अव यक्ष्व नो वरुणं रराणो वीहि मृडीकं सुहवो न एधि स्वाहा ।।

ओं इमं मे वरुण श्रुधी हवमद्या च मृडय त्वामवस्युराचके स्वाहा ।। इदं वरुणाय—इदन्न मम ।। (ऋक् १, २५, १९)

ओ तत्त्वा यामि ब्रह्मणा वन्दमानस्तदा शास्ते यजमानो हविर्भिः । अहेडमानो वरुणेह बोध्युरुशंस मा न आयुः प्रमोषीः स्वाहा ।। इदं वरुणाय—इदन्न मम ।।

(ऋ० मं० १ । सू० २४ । मं० ११)

ओ ये ते शतं वरुण ये सहस्रं यज्ञियाः पाशा वितता महान्तः । तेभिर्नो अद्य सवितोत विष्णुर्विश्वे मुञ्चन्तु मरुतः स्वर्काः स्वाहा ।।

इदं वरुणाय सवित्रे विष्णवे विश्वेभ्यो देवेभ्यो मरुद्भ्यः स्वर्केभ्यः—इदन्न मम ।।५।।

ओ अयाश्चाग्नेऽस्यनभिशस्तिपाश्च सत्यमित्त्वमयासि ।

अया नो यज्ञं वहास्यया नो धेहि भेषजँ स्वाहा। इदमग्नये अयसे—इदन्न मम ॥६॥ (कात्या० २५—१।११)

ओं उदुत्तमं वरुण पाशमस्मदवाधमं विमध्यमं श्रथाय। अथा वयमादित्य व्रते तवानागसो अदितये स्याम स्वाहा॥ इदं वरुणायाऽऽदित्यायादितये च—इदन्न मम ॥७॥

(ऋ० मं० १। सू० २४। मं० १५)

ओं भवतं नः समनसौ सचेतसावरेपसौ। मा यज्ञँ हिँसिष्टं मा यज्ञपतिं जातवेदसौ शिवौ भवतमद्य नः स्वाहा। इदं जातवेदोभ्याम्—इदन्न मम ॥८॥

(यजु० अ० ५। मं० ३)

ईश्वर भक्ति के भजन

पूजनीय प्रभो! हमारे भाव उज्ज्वल कीजिये।
छोड़ देवें छल-कपट को, मानसिक बल दीजिये।
वेद की बोलें ऋचाएँ, सत्य को धारण करें।
हर्ष में हों मग्न सारे, शोक-सागर से तरें॥
अश्वमेधादिक रचाएँ यज्ञ पर-उपकार को।
धर्म-मर्यादा चलाकर, लाभ दें संसार को॥
नित्य श्रद्धा भक्ति से यज्ञादि हम करते रहें।
रोग-पीड़ित विश्व के सन्ताप सब हरते रहें॥
भावना मिट जाए मन से पाप अत्याचार की।
कामनाएँ पूर्ण होवें यज्ञ से नर-नारि की॥
लाभकारी हो हवन हर जीवधारी के लिए।
वायु-जल सर्वत्र हों शुभ गंध को धारण किये॥
स्वार्थ-भाव मिटे हमारा प्रेम-पथ विस्तार हो।
'इदन्न मम' का सार्थक प्रत्येक में व्यवहार हो॥
हाथ जोड़ झुकाय मस्तक वन्दना हम कर रहे।
नाथ करुणा रूप करुणा आपकी सब पर रहे॥

(२)

आज मिल सब गीत गाओ उस प्रभु के धन्यवाद ।
जिसका यश नित गाते हैं गंधर्व मनिजन धन्यवाद ।।
मन्दिरों, में कन्दरों में पर्वतों के शिखर पर ।
देते हैं लगातार सौ सौ बार मुनिवर धन्यवाद ।।
करते हैं जंगल में मंगल पक्षिगण हर शाख पर ।
पाते हैं आनन्द, मिल गाते हैं स्वर भर धन्यवाद ।।
कूप मे, तालाव में सिन्धु की गहरी धार में ।
प्रेम-रस में तृप्त हो करते हैं जलचर धन्यवाद ।।
शादियों में, कीर्त्तनों में, यज्ञ और उत्सव के आद ।
मीठे स्वर से चाहिए करें नारी-नर सब धन्यवाद ।।
गान कर 'अमीचन्द' भजनानन्द ईश्वर की स्तुति ।
ध्यान धर सुनते हैं श्रोता, कान धर-धर धन्यवाद ।।

(३)

मिलता है सच्चा सुख केवल, भगवान् तुम्हारे चरणों में ।
है बिनती यही. छिन-छिन पल-पल रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में ।।
यदि वैरी सब ससार बने, मेरा जीवन मुझ पर भार बने ।
चाहे मौत गले का हार बने, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में ।।
चाहे संकट ने आ घेरा हो, चाहे चारों ओर अन्धेरा हो ।
पर चित्त न डगमग मेरा हो, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में ।।
चाहे अग्नि परीक्षा में जलना हो, चाहे कांटों पर चलना हो ।
चाहे छोड़ के देश बिछुड़ना हो, रहे ध्यान तुम्हारे चरणों में ।।

(४)

अब सौंप दिया इस जीवन का, सब भार तुम्हारे हाथों में ।
है जीत तुम्हारे हाथों में, है हार तुम्हारे हाथों में ।।
मेरा निश्चय है एक यही, इक बार तुम्हें पा जाऊँ मैं ।
अर्पण कर दूँ जगती भर का, सब प्यार तुम्हारे हाथों में ।।
या तो मैं जग से दूर रहूँ, या जग में रहूँ तो ऐसे रहूँ ।
इस पार तुम्हारे हाथों में, उस पार तुम्हारे हाथों में ।।
यदि मानुष ही मुझे जन्म मिले, मैं तव चरणों का पुजारी बनूं ।
मुझ पूजक की इक-इक रग का, हो तार तुम्हारे हाथों में ।।

जब-जब संसार का बन्दी बन, दरबार में तेरे आऊं मैं।
हो मेरे पापों का निर्णय, सरकार तुम्हारे हाथों में॥
मुझ में तुझ में है भेद यही, मैं नर हूँ तू नारायण है।
मैं हूँ संसार के हाथों में, संसार तुम्हारे हाथों में॥

(५)

पितु मातु सहायक स्वामी सखा, तुमही इक नाथ हमारे हो।
जिनके कछु और आधार नहीं, तिनके तुम ही रखवारे हो॥
सब भाँति सदा सुखदायक हो, दुःख दुर्गुण नासनहारे हो।
प्रतिपाल करो सिगरे जग को, अतिशय करुणा उर धारे हो॥
भुलि हैं हम ही तुम को तुम तो, हमारी सुधि नाहीं बिसारे हो।
उपकारन को कछु अन्त नहीं, छिन ही छिन जो विस्तारे हो॥
महाराज महा महिमा तुम्हरी, समुझे विरले बुधिवारे हो।
शुभ शान्ति-निकेतन प्रेमनिधे, मन मन्दिर के उजियारे हो॥
यहि जीवन के तुम जीवन हो, इन प्रानन के तुम प्यारे हो।
तुम सों प्रभु पाय प्रताप हरी, केहि के अब और सहारे हो॥

(६)

सुखी बसे संसार सब, दुखिया रहे न कोय।
यह अभिलाषा हम सबकी भगवन् पूरी होय॥
विद्या बुद्धि, तेज, बल, सबके भीतर होय।
दूध पूत धन धान्य से, वंचित रहे न कोय॥
आपकी भक्ति प्रेम से, सब होवें भरपूर।
राग द्वेष से चित मेरा, कोसों भागे दूर॥
मिले भरोसा नाम का, हमें सदा जगदीश।
आशा तेरे धाम की, बनी रहे मम ईश॥
पाप से हमें बचाइये, करके दया दयाल।
अपना भक्त बनाय के, सबको करो निहाल॥
दिल में दया, उदारता, उर में प्रेम अपार।
सात्त्विक धीरज वीरता, सबको दो करतार॥
तुम से यह विनती करूँ, सुनिये कृपानिधान।
साधु-संग सुख दीजिए, दया नम्रता दान॥

(७)

शरण प्रभु की आओ रे ! यही समय है प्यारे ।
आओ हरि गुण गाओ रे ! यही समय है प्यारे ।।
उदय हुआ ओ३म् नाम का भानु, आओ दर्शन पाओ रे ।
अमृत झरना झरता इससे, पीके अमर हो जाओ रे ।।
ईर्ष्या, द्वेष, कपट को त्यागो, सत्य में चित्त लगाओ रे ।
हरि की भक्ति बिन नहीं मुक्ति, दृढ़ विश्वास जमाओ रे ।।
कर लो नाम हरि का सुमिरन, अन्त को ना पछताओ रे ।
छोटे-बड़े सब मिल के खुशी से, गुण ईश्वर के गाओ रे ।।

(८)

यही है आरजू भगवन्, मेरा जीवन यह आला हो ।
पर उपकारी, सदाचारी व लम्बी उम्र वाला हो ।।
सरलता, शील और सद्गुण हों भूषण मेरे जीवन के ।
सचाई सादगी श्रद्धा के, मन सांचे में ढाला हो ।।
तजूं छल, झूठ, चालाकी, बनूं सत्संग अनुरागी ।
गुनाहों और खताओं से, मेरा जीवन निराला हो ।।
तेरी भक्ति में ऐ भगवन् ! लगा दूं अपना मैं तन-मन ।
दिखावे के लिए हाथों में थैली हो न माला हो ।।
मेरा वेदोक्त हो जीवन, कहाऊँ धर्म अनुरागी ।
रहूँ आज्ञा में वेदों की न, हुक्मे वेद टाला हो ।।
तजूं सब खोटे भावों को, तजूं सब वासनाओं को ।
तेरे विज्ञान दीपक का मेरे मन में उजाला हो ।।
सदाचारी रहूँ हर दम, बुराई दूर हो मन से ।
क्रोध और काम ने मुझ पर न जादू कोई डाला हो ।।
मुसीबत हो कि राहत हो, रहूँ हर हाल में साबिर ।
न घबराऊं, न पछताऊँ, न कुछ फरियाद आला हो ।।
पिलादे मोक्ष की घुट्टी, मरन जीवन से हो छुट्टी ।
विनय अन्तिम यह अर्जुन की अगर मंजूरे वाला हो ।।

(९)

दु:ख दूर कर हमारा संसार के रचैया ।
जल्दी से दो सहारा मझधार में है नैया ।।

तुम बिन कोई हमारा रक्षक नहीं यहां पर।
ढूंढा जहान सारा तुम-सा नहीं रखैया॥
दुनियाँ में खूब देखा आँखें पसार करके।
साथी नहीं हमारा माँ, बाप और भैया॥
सुख के सभी हैं साथी, दुनियाँ के मित्र सारे।
तेरा ही नाम प्यारा, दुःख दर्द में बचैया॥
दुनिया में फँसके मुझको हासिल हुआ न कुछ फल।
तेरे बिना हमारा कोई नहीं सुनैया॥
चारों तरफ से हम पर गम की घटा है छाई।
सुख का करो उजाला प्रकाश के करैया॥
अच्छा बुरा है जैसा राजी में 'राम' रहता।
चेरा है यह तुम्हारा, सुध लेओ सुध लिवैया॥

(१०)

भगवन्

भगवन्! भले बुरे हम तेरे।
द्वार तुम्हारे आये मांगते, बन्धन काटो मेरे।
भगवन्! भले बुरे हम तेरे॥
तू स्वामी है जगती तल का, हम सेवक अज्ञानी।
तू है अजर अमर अविनाशी, हम मूढ़मति अभिमानी॥
भूल तुझे सब भटक रहे हैं, शान्ति दान अब दे रे।
भगवन्! भले बुरे हम तेरे॥
कोटि-कोटि पापों से पूरित, मेरी जीवन गाथा।
अन्धकार में भटक रही है जीवन तंत्री त्राता॥
ज्योति दिखा हे नाथ उबारो, माँग रहे नित टेरे।
भगवन्! भले बुरे हम तेरे॥
ज्ञान दीप को भूल बावरे, माया पीछे धाये।
सत्य वस्तु को छोड़ भला, क्या छाया कोई पाये॥
राह दिखा हे दीन दयालु, द्वार पड़े हैं तेरे।
भगवन्! भले बुरे हम तेरे॥
आज हमारी नौका डगमग, डोल रही हे स्वामी।
जगत् भँवर में गोते खाता, व्यथित हुआ है प्राणी॥

एक तुम्हारी आशा अब है, हमको सांझ सबेरे।
भगवन् ! भले बुरे हम तेरे॥
जीवन सफल बनाओ भगवन् ! दो आशीष हमें तुम।
तुझमें खो दें अपनेपन को, और कहें केवल तुम॥
जगत् उद्धारक परमपिता हो, एक सत्य हो मेरे।
भगवन् ! भले बुरे हम तेरे॥

(११)

हमें शक्ति दो नाथ ऐसी कि मिलकर,
दयानन्द का काम पूरा करें हम।
उसी की बताई हुई राह पर हम,
सदा ही चलें औ सदा ही बढ़ें हम।
अधूरा पड़ा कार्य वेदों का भारी,
सिसकती खड़ी आज दुनिया है सारी।
प्रभो ! शक्ति दो हम, धरा को उठाएँ,
बिलखते हुए मानवों को हंसाएँ।
पढ़ें 'वेद' दिन रात सबको पढ़ाएँ।
उठें एक होकर, लिए ओ३म् ध्वज को,
बनें आर्य औ' आर्य सबको बनाएँ।

—राकेश रानी

आरती

ओ३म् जय जगदीश हरे, जय जगदीश हरे।
भक्त जनों के संकट, क्षण में दूर करे॥
जो ध्यावे फल पावे, दुख बिनसे मन का।
सुख सम्पति घर आवे, कष्ट मिटे तन का॥
मात-पिता तुम मेरे, शरण गहूँ किसकी।
तुम बिन और न दूजा, आस करूँ जिसकी॥
तुम पूरण परमात्मा, तुम अन्तर्यामी।
पारब्रह्म परमेश्वर, तुम सबके स्वामी।
तुम करुणा के सागर, तुम पालनकर्त्ता।
मैं सेवक तुम स्वामी, कृपा करो भर्त्ता॥

तुम हो एक अगोचर. सबके प्राणपति ।
किस विधि मिलूँ, दया:मय, तुमको मैं कुमति।
दीनबन्धु दुखहर्त्ता तुम रक्षक मेरे ।
करुणा-हस्त बढ़ाओ, द्वार पडा तेरे ।।
विषय-विकार मिटाओ, पाप हरो देवा ।
'श्रद्धा' भक्ति बढ़ाओ, सन्तन की सेवा ।।

सँगठन सूक्त

ओ३म् सं समिद्युवसे वृषन्नग्ने विश्वान्यर्य आ ।
इडस्पते समिध्यसे स नो वसून्या भर ।।१।।
हे प्रभु ! तुम शक्तिशाली हो बनाते सृष्टि को ।
वेद सब गाते तुम्हें हैं कीजिये धन वृष्टि को ।।
संगच्छध्वं संवदध्वं सं वो मनांसि जानताम् ।
देवा भागं यथापूर्वे संजाना ना उपासते ।।२।।
प्रेम से मिल कर चलो बोलो सभी ज्ञानी बनो ।
पूर्वजों की भाँति तुम कर्त्तव्य के मानी बनो ।।
समानो मंत्र: समिति: समानी समानं मन: सहचित्तमेषाम् ।
समानं मंत्रमभि मंत्रये व: समानेन वो हविषा जुहोमि ।।३।।
हों विचार समान सबके चित्त मन सब एक हों ।
ज्ञान देता हूँ बराबर भोग्य पा सब नेक हों ।।
समानी व आकूति: समाना हृदयानि व: ।
समानमस्तु वो मनो यथा व: सुसहासति ।।४।।
हों सभी के दिल तथा संकल्प अविरोधी सदा ।
मन भरे हों प्रेम से जिससे बढ़े सुख सम्पदा ।

प्रात:काल उठकर पाठ के मन्त्र

ओं प्रातरग्निं प्रातरिन्द्रं हवामहे
प्रातर्मित्रावरुणा प्रातरश्विना ।

प्रातर्भगं पूषणं ब्रह्मणस्पति
प्रातस्सोममुत रुद्रं हुवेम ॥१॥

ऋ० म० ७ । सू० ४१ । मं० १

अर्थ—(प्रातः) प्रभात समय में (अग्निम्) स्वप्रकाशस्वरूप (प्रातःइन्द्रम्) परमैश्वर्य्य के दाता और परमैश्वर्य्ययुक्त (प्रातः) (मित्रावरुणा) प्राण उदान के समान प्रिय और सर्वशक्तिमान् (प्रातः) (अश्विना) सूर्य चन्द्र को जिसने उत्पन्न किया है उस परमात्मा की (हवामहे) स्तुति करते हैं और (प्रातः) (भगम्) भजनीय, सेवनीय, ऐश्वर्य्ययुक्त (पूषणम्) पुष्टिकर्त्ता (ब्रह्मणस्पतिम्) अपने उपासक वेद और ब्रह्माण्ड के पालन करने हारे (प्रातः) (सोमम्) अन्तर्यामी प्रेरक (उत) और (रुद्रम्) पापियों को रुलाने हारे और सर्वरोगनाशक जगदीश्वर की (हुवेम) स्तुति-प्रार्थना करते हैं।

प्रातर्जितं भगमुग्रं हुवेम वयं पुत्रमदितेर्यो विधर्ता।
आध्रश्चिद्यं मन्यमानस्तुरश्चिद्राजा चिद्यं भगं भक्षीत्याह ॥२॥

ऋ० मं० ७ । सू० ४१ । मं० २

अर्थ—(प्रातः) पांच घड़ी रात्रि रहे (जितम्) जयशील (भगम्) ऐश्वर्य के दाता (उग्रम्) तेजस्वी (अदितेः) अन्तरिक्ष के (पुत्रम्) सूर्य को उत्पत्ति करने हारे और (यः) जो कि सूर्यादि लोकों का (विधर्ता) विशेष करके धारण करने हारा (आध्रः) सब ओर से धारणकर्त्ता (यं, चित्) जिस किसी का भी (मन्यमानः) जानने हारा (तुरश्चित्) दुष्टों का दण्ड दाता और (राजा) सबका प्रकाशक है (यं) जिस (भगम्) भजनीय स्वरूप को (चित्) भी (भक्षीति) इस प्रकार सेवन करता हूं और इसी प्रकार भगवन् परमेश्वर सबको (आह) उपदेश करता है कि तुम जो मैं सूर्यादि जगत् का बनाने और दर्शन करने हारा हूँ, उस मेरी आज्ञा में चला करो। इससे (वयम्) हम उसकी (हुवेम) स्तुति करते हैं।

भग प्रणेतर्भग सत्यराधो भगेमां धियमुदवा ददन्नः।
भग प्रणो जनय गोभिरश्वैर्भग प्रनृभिर्नृवन्तः स्याम ॥३॥

ऋ० मं० ७ । सू० ४१ । मं० ३ ।

अर्थ—हे [भग] भजनीय स्वरूप ! [प्रणेतः] सबके उत्पादक सत्याचार में प्रेरक [भग] ऐश्वर्यप्रद [सत्यराधः] सत्य धन के देने हारे [भग] धर्मात्माओं के ऐश्वर्यदाता [नः] हमको [इदम्] इस [धियम्] प्रज्ञा को [ददत्] दीजिये और उसके दान पर हमारी [उदव] रक्षा कीजिये। हे [भग] आप [गोभिः] गाय आदि [अश्वैः] घोड़े आदि उत्तम पशुओं के योग से राज्यश्री को [नः] हमारे लिए [प्रजनय] प्रकट कीजिये। हे [भग] आपकी कृपा से हम लोग [नृभिः] उत्तम मनुष्यों से [नृवन्तः] बहुत वीर मनुष्यों वाले [प्रस्यामः] अच्छे प्रकार होवें।

उतेदानीं भगवन्तः स्यामोत प्र पित्व उत मध्ये आह्नाम्।
उतोदिता मघवन्त्सूर्यस्य वयं देवानां सुमतौ स्यामः ॥४॥

ऋ० मं० ७। सू०। मं० ४॥

हे भगवन् ! आपकी कृपा (उत) और अपने पुरुषार्थ से हम लोग (इदानीम्) इसी समय (प्रपित्वे) प्रकर्ष व उत्तमता की प्राप्ति में (उत) और (अह्नाम्) इन दिनों के मध्य में (भगवन्तः) ऐश्वर्ययुक्त और शक्तिमान् (स्याम) होवें (उत) और हे भगवन्। परमपूजित असंख्य धन देने हारे (सूर्यस्य) सूर्य लोक के (उदिता) उदय में (देवानां) पूर्ण विद्वान् धार्मिक आप लोगों की (सुमतौ) अच्छी उत्तम प्रजा (उत) और सुमति में (वयम्) हम लोग (स्याम) प्रवृत्त रहें।

भग एव भगवाँ अस्तु देवास्तेन वयं भगवन्तः स्याम।
तंत्वा भग सर्व इज्जोहवीति स नो भग पुर एता भवेह ।५।

ऋ० मं० ३। सू० ४१। मं० ५॥

हे (भग) सकलैश्वर्य सम्पन्न जगदीश्वर जिससे (तम्) उस (त्वा) आप की (सर्वः) सब सज्जन (इत् जोहवीति) निश्चय करके प्रशंसा करते हैं (सः) सो आप हे (भग) ऐश्वर्यप्रद (इह) संसार और (नः) हमारे गृहाश्रम में (पुर एता) अग्रगामी, आगे आगे सत्य कर्मों में बढ़ाने हारे (भव) होइए और जिससे [भगः एव] सम्पूर्ण ऐश्वर्ययुक्त और समस्त ऐश्वर्य के दाता होने से आप ही हमारे (भगवान्) पूजनीय देव (अस्तु) होइए, (तेन) इसी हेतु से (देवाः वयम्) हम लोग (भगवन्तः) सकलैश्वर्य सम्पन्न होके सब संसार के उपकार में तन, मन व धन से प्रवृत्त (स्याम) होवें।

卐

रात्रि को सोते समय पाठ करने के मंत्र

यज्जाग्रतो दूरमुदैति दैवं तदु सुप्तस्य तथैवैति। दूरंगमं ज्योतिषां ज्योतिरेकं तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ॥२१॥

भावार्थ—जो दिव्यगुणों से युक्त, जागते हुए का मन, दूर अधिक जाता है और वह सोते हुए का उसी प्रकार जाता है। दूर जाने वाला और विषयों के प्रकाश चक्षुरादि इन्द्रियों का जो प्रकाश है वह मेरा मन अच्छे संकल्प वाला होवे।

येन कर्माण्यपसो मनीषिणो यज्ञे कृण्वन्ति विदथेषु धीराः। यदपूर्वं यक्षमन्तः प्रजानां तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ॥२२॥

भावार्थ—हे जगत्पते! जिस मन से सत्कर्मनिष्ठ, मन को दमन करने वाले, बुद्धिमान् लोग अग्निहोत्रादि कार्यों में और वैज्ञानिक युद्धादि व्यवहारों में इष्ट कर्मों को करते हैं, और जो अद्भुत प्राणिमात्र के भीतर मिला हुआ है वह मेरा मन श्रेष्ठ संकल्प वाला हो।

यत्प्रज्ञानमुत चेतो धृतिश्च यज्ज्योतिरन्तममृतं प्रजासु। यस्मान्न ऋते किंचन कर्म क्रियते तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ॥२३॥

भावार्थ—हे प्रभो! जो बुद्धि का उत्पादक और स्मृति का साधन तथा धैर्यस्वरूप और मनुष्यों के भीतर नाशरहित प्रकाश स्वरूप है, जिसके बिना कोई भी काम नहीं किया जाता, वह मेरा मन शुद्ध करने वाला हो।

येनेदं भूतं भुवनं भविष्यत्परिगृहीतममृतेन सर्वम्। येन यज्ञस्तायते सप्तहोता तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ।२४।

भावार्थ—हे सर्वेश्वर! जिस नाश रहित मन से भूत, वर्तमान भविष्यत् यह सब जाना जाता है और जिसके प्रभाव से सात कर्मेन्द्रियों द्वारा यज्ञ विस्तृत किया जाता है, वह मेरा मन शुभ विचार वाला हो।

यस्मिन्नृचः सामयजूंषि यस्मिन् प्रतिष्ठिता रथनाभाविवाराः। यस्मिंश्चित्तं सर्वमोतं प्रजानां तन्मे मनः शिवसंकल्पमस्तु ॥२५॥

भावार्थ--हे अखिलोत्पादक ! जिस शुद्ध मन में ऋग्वेद और सामवेद तथा यजुर्वेद, रथ की नाभि में अरों की नाईं स्थित है और जिसमें प्राणियों का समस्त ज्ञान सूत्र में मणियों के समान सम्बद्ध है, वह मन वेदादि सत्य शास्त्रों के प्रचार रूप संकल्प वाला हो।

सुषारथिरश्वानिव यन्मनुष्यान्नेनीयतेऽभिशुभिर्वाजिन इव। हृत्प्रतिष्ठं यदजिरं जविष्ठं तन्मे मनः शिवसंकल्प-मस्तु ॥२६॥

भावार्थ—अच्छा सारथी जिस प्रकार लगामों से वेगवाले घोड़ों को बलात् ले जाता है, इसी प्रकार जो मन मनुष्यों को इधर-उधर विचार क्षेत्र में ले जाता है, जो हृदय में स्थित और कभी बूढ़ा न होने वाला तथा अत्यन्त वेगवान् है। वह मेरा मन कल्याणकारी संकल्प वाला हो।

वैदिक राष्ट्रगीत

ओ३म् आ ब्रह्मन् ब्राह्मणो ब्रह्मवर्चसी जायतामा राष्ट्रे राजन्यः शूर इषव्योऽतिव्याधी महारथो जायतां दोग्ध्री धेनुर्वोढाऽनड्वानाशुः सप्तिः पुरन्धिर्योषा जिष्णू रथेष्ठाः सभेयो युवास्य यजमानस्य वीरो जायताम् निकामे निकामे नः पर्जन्यो वर्षतु फलवत्यो न ओषधयः पच्यन्तां योगक्षेमो नः कल्पताम् ॥ यजु० २२।२२

ब्रह्मन् स्वराष्ट्र में हों, द्विज ब्रह्मतेज धारी।
क्षत्रिय महारथी हों, अरिदल विनाशकारी ॥
होंवे दुधारु गौवें, पशु अश्व आशुवाही।
आधार राष्ट्र की हों, नारी सुभग सदा ही।
बलवान सभ्य योद्धा, यजमान पुत्र होवें।
इच्छानुसार वर्षें, पर्जन्य ताप धोवें ॥
फल फूल से लदी हों, औषध अमोध सारी।
हो योग क्षेमकारी, स्वाधीनता हमारी ॥

आर्य-लक्षण

□ □

कर्त्तव्यमाचरन्‌ कामप्रकर्त्तव्यमनाचरन्‌ ।
तिष्ठति प्रकृताचारे यः स आर्य इति स्मृतः ।

—जो आकृति, प्रकृति, सभ्यता, शिष्टता, धर्म, कर्म, ज्ञान, विज्ञान और आचार, विचार, शील, स्वभाव, सदाचार में स्वभावतः संलग्न और श्रेष्ठ हो, उसे आर्य कहते हैं ।

●

ऋषि : जिन्होंने वेदों का ज्ञान जनता तक पहुँचाया

□ □

१. अत्रि   २. वसिष्ठ   ३. भृगु
४. अंगिरस   ५. भारद्वाज   ६. विश्वामित्र
७. गौतम : और आठवें ऋषि दयानन्द

●

आर्यों की आश्रम-व्यवस्था

□ □

१. ब्रह्मचर्य   २. गृहस्थ   ३. वानप्रस्थ   ४. संन्यास

आर्य-जाति के सोलह संस्कार

१. गर्भाधान   २. पुंसवन   ३. सीमन्तोन्नयन   ४. जातकर्म
५. नामकरण   ६. निष्क्रमण   ७. अन्नप्राशन   ८. चूड़ाकर्म
९. यज्ञोपवीत   १०. वेदारम्भ   ११. समावर्तन   १२. विवाह
१३. गार्हपत्य   १४. वानप्रस्थ   १५. संन्यास   १६. अन्त्येष्टि

प्रतिदिन का वेतन

१) से १००) तक पानेवाले का

वेतन	२८ दिन	२९ दिन	३० दिन	३१ दिन
रुपया	रु० पै०	रु० पै०	रु० पै०	रु० पै०
१	०.०४	०.०३	०.०३	०.०३
२	०.०७	०.०७	०.०७	०.०६
३	०.११	०.१०	०.१०	०.१०
४	०.१४	०.१३	०.१३	०.१३
५	०.१८	०.१७	०.१७	०.१६
६	०.२१	०.२१	०.२०	०.१९
७	०.२५	०.२४	०.२३	०.२३
८	०.२९	०.२८	०.२७	०.२६
९	०.३२	०.३१	०.३०	०.२९
१०	०.३६	०.३४	०.३३	०.३२
२०	०.७१	०.६९	०.६७	०.६५
३०	१.०७	१.०३	१.००	०.९६
४०	१.४३	१.३८	१.३३	१.२९
५०	१.७९	१.७२	१.६७	१.६१
१००	३.५७	३.४५	३.३३	३.३२

०आमदनी और खर्च का हिसाब रखें। ०आमदनी से अधिक खर्च न करें।

२३ दिसम्बर : अमर शहीद ! श्रद्धानन्द

आर्य पर्व सूची

क्रम सं०	नाम पर्व	सौर तिथि	चन्द्र तिथि	अंग्रेजी तीथि	दिन
२	मकर संक्रान्ति	२-११-२०३१	पौष शु० २, २०३१	१४- १-७५	मंगलवार
१	गणतन्त्र दिवस	१४-११-२०३१	पौष शु० १४-२०३१	२६-१-७५	रविवार
३	वसंत पंचमी	५-१२-२०३१	माघ शु० ५, २०३१	१६- २-७५	रविवार
४	सीताष्टमी	२२-१२-२०३१	फाल्गुन कृ० ८, २०३१	५- ३-७५	बुधवार
५	दयानन्द बोधोत्सव (शिवरात्रि)	२८-१२-२०३१	फाल्गुन कृ० १४, २०३१	११- ३-७५	मंगलवार
६	लेखराम तृतीय	३- १-२०३२	फाल्गुन शु० ३, २०३२	१६- ३-७५	रविवार
७	वसंत नव सस्येष्टि (होली)	१४-१-२०३२	फाल्गुन शु० १५, २०३२	२७- ३-७५	बृहस्पतिवार
८	नव संवत्सरोत्सव एवं आर्यसमाज स्थापना दिवस : आर्य समाज शताब्दी	३०-१- ०३२	चैत्र शु० १, २०३२	१२- ४-७५	शनिवार

९	वैशाखी	१-२-२०३२	चैत्र शु० २, २०३२	१३- ४-७५	रविवार
१०	राम नवमी	८-२-२०३२	चैत्र शु० ९, २०३२	२०- ४-७५	रविवार
११	हरि तृतीय (हरियाली तीज)	२६-५-२०३२	श्रावण शु० ३, २०३२	१०- ८-७५	रविवार
१२	श्रावणी उपाकर्म एवं सत्याग्रह बलिदान दिवस	७-६-२०३२	श्रावण शु० १५, २०३२	२१- ८-७५	बृहस्पतिवार
१३	कृष्ण जन्माष्टमी	१६-६-२०३२	भाद्रपद कृ० ८, २०३२	३०- ८-७५	शनिवार
१४	विजय दशमी	२-७-२०३२	आश्विन शु० १० २०३२	१४-१०-७५	मंगलवार
१५	गुरु विरजानन्द निर्वाण दिवस	२४-६-२०३२	आश्विन शु० ५, २०३२	९-१०-७५	बृहस्पतिवार
१६	ऋषि निर्वाणोत्सव	१८-८-२०३२	कार्तिक कृ० १५, २०३२	३-११-७५	सोमवार
१७	श्रद्धानन्द बलिदान दिवस	८-६-२०३२	पौष कृ० १४, २०३२	२३-१२-७५	रविवार
१८	स्वतन्त्रता दिवस	१५ अगस्त १९७५			शुक्रवार

टिप्पणी—देशी तिथियों के घट बढ़ जाने से तारीखों में परिवर्तन हो सकता है।

आर्य समाज के नियम

★★★

१—सब सत्य विद्या और जो पदार्थ विद्या से जाने जाते हैं उन सबका आदि मूल परमेश्वर है ।

२—ईश्वर सच्चिदानन्दस्वरूप, निराकार, सर्वशक्तिमान्, न्यायकारी, दयालु, अजन्मा, अनन्त, निर्विकार, अनादि, अनुपम, सर्वाधार, सर्वेश्वर, सर्वव्यापक, सर्वान्तर्यामी, अजर, अमर, अभय, नित्य, पवित्र और सृष्टिकर्त्ता है, उसी की उपासना करनी योग्य है ।

३—वेद सब सत्य विद्याओं की पुस्तक है । वेद का पढ़ना-पढ़ाना और सुनना-सुनाना सब आर्यों का परम धर्म है ।

४—सत्य के ग्रहण करने और असत्य को छोड़ने में सर्वदा उद्यत रहना चाहिये ।

५—सब काम धर्मानुसार अर्थात् सत्य और असत्य को विचार करके करने चाहिये ।

६—संसार का उपकार करना इस समाज का मुख्य उद्देश्य है—अर्थात् शारीरिक, आत्मिक और सामाजिक उन्नति करना ।

७—सबसे प्रीतिपूर्वक धर्मानुसार यथायोग्य वर्तना चाहिये ।

८—अविद्या का नाश और विद्या की वृद्धि करनी चाहिये ।

९—प्रत्येक को अपनी ही उन्नति से सन्तुष्ट न रहना चाहिये किन्तु सबकी उन्नति में अपनी उन्नति समझनी चाहिये ।

१०—सब मनुष्यों को सामाजिक सर्वहितकारी नियम पालन में परतन्त्र रहना चाहिये और प्रत्येक हितकारी नियम पालने में सब स्वतन्त्र रहें । □

स्व० लाल बहादुर शास्त्री

श्री गुरु विरजानन्द सरस्वती।

विश्वं पुष्टं ग्रामे अस्मिन्नातुरम् । ऋ० १.११३.१
इस ग्राम के सभी निवासी नीरोग एवं स्वस्थ हों।

शुक्रवार ३ जनवरी, १९७५

चं० पौष० कृष्ण ६ सौ० २० पौष शक १३ पौष

नक्षत्र पूर्वाफाल्गुनी

शनिवार ४ जनवरी, १९७५

चं० पौष कृष्ण ७ सौ० २१ पौष शक १४ पौष

नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी

दक्षिणावन्तो अमृतं भजन्ते । ऋ० १.११२.६
दानी अमर पद पाते हैं ।

रविवार ५ जनवरी, १९७५

चं० पौष कृष्ण ८ सौ० २२ पौष शक १५ पौष

नक्षत्र चित्रा

सोमवार ६ जनवरी, १९७५

चं० पौष कृष्ण ९ सौ० २३ पौष शक १६ पौष

नक्षत्र स्वाति

मंगलवार ७ जनवरी, १९७५

चं० पौष कृष्ण १० सौ० २४ पौष शक १७ पौष

नक्षत्र विशाखा

बुधवार ८ जनवरी, १९७५

चं० पौष कृष्ण ११ सौ० २५ पौष शक १८ पौष

नक्षत्र अनुराधा

मा न इन्द्र परावृणक् । सा० ३६०

इन्द्र ! हमारा त्याग मत कर ।

बृहस्पतिवार ६ जनवरी, १९७५

चं० पौष कृष्ण १२ सौ० २६ पौष शक १९ पौष

नक्षत्र अनुराधा

शुक्रवार १० जनवरी, १९७५

चं० पौष कृष्ण १३ सौ० २७ पौष शक २० पौष

नक्षत्र ज्येष्ठा

शनिवार ११ जनवरी, १९७५

चं० पौष कृष्ण १४ सौ० २८ पौष शक २१ पौष

नक्षत्र मूल

रविवार १२ जनवरी, १९७५

चं० पौष अमावस्या सौ० २९ पौष शक २२ पौष

नक्षत्र पूर्वाषाढ़ा

देव परिश्रमी के अतिरिक्त किसी की सहायता नहीं करते ।

लोहड़ी : सोमवार १३ जनवरी, १९७५

चं० पौष शुक्ल १ सौ० १ माघ शक २३ पौष

नक्षत्र उत्तराषाढ़ा

मकर संक्रान्ति : मंगलवार १४ जनवरी, १९७५

चं० पौष शुक्ल २ सौ० २ माघ शक २४ पौष

नक्षत्र श्रवण

निन्दितारो निन्द्यासो भवन्तु । ऋ० ५.२.६
निन्दा करने वाले स्वयं निन्दित होते हैं ।

बुधवार १५ जनवरी, १९७५

चं० पौ० शुक्ल ३ सौ० ३ माघ शक २५ पौष

नक्षत्र घनिष्ठा

बृहस्पतिवार १६ जनवरी, १९७५

चं० पौ० शुक्ल ४ सौ० ४ माघ शक २६ पौष

नक्षत्र शतभिषज्

उत्सो देव हिरण्ययः । अथर्व० २०। ११८।८

प्रभो ! तू सम्पत्ति का झरना है ।

शुक्रवार १७ जनवरी, १९७५

चं० पौष शुक्ल ५ सौ० ५ माघ शक २८ पौष

नक्षत्र पूर्वाभाद्रपदा

शनिवार १८ जनवरी, १९७५

चं० पौष शुक्ल ६ सौ० ६ माघ शक २८ पौष

नक्षत्र उत्तराभाद्रपदा

स्वस्ति पन्थामनुचरेम । ऋ० ५.५१.१५
हम सदा कल्याण के मार्ग पर चलें ।

रविवार १९ जनवरी, १९७५

चं० पौष शुक्ल ७ | सौ० ७ माघ | शक २९ पौष

नक्षत्र रेवती

सोमवार २० जनवरी, १९७५

चं० पौष शुक्ल ७ | सौ० ८ माघ | शक ३० पौष

नक्षत्र रेवती

मंगलवार २१ जनवरी १९७५

चं० पौष शुक्ल ८ सौ० ९ माघ शक १ माघ

नक्षत्र अश्विनी

बुधवार २२ जनवरी, १९७५

चं० पौष शुक्ल ९ सौ० १० माघ शक २ माघ

नक्षत्र भरणी

अस्ति रत्नमनागसः । ऋ० ८.६७.७
निष्पाप लोग रत्न प्राप्त करते हैं ।

बृहस्पतिवार २३ जनवरी, १९७५

चं० पौष शुक्ल १०　　सौ० ११ माघ　　शक ३ माघ

नेताजी सुभाषचन्द्र बोस का जन्मदिन　　नक्षत्र कृतिका

शुक्रवार २४ जनवरी, १९७५

चं० पौष शुक्ल ११-१२　　सौ० १२ माघ　　शक ४ माघ

नक्षत्र रोहिणी

मज्जन्त्यविचेतसः । ऋ० ६ ६४.२१
अज्ञानी डूब जाते हैं ।

शनिवार २५ जनवरी, १९७५

चं० पौष शुक्ल १३ सौ० १३ माघ शक ५ माघ

नक्षत्र मृगशीर्ष

गणतन्त्र दिवस : रविवार २६ जनवरी १९७५

चं० पौष शुक्ल १४ सौ १४ माघ शक ६ माघ

नक्षत्र आर्द्रा

सत्येनोत्तभिता भूमिः । ऋ० १०.८५.१
भूमि सत्य पर प्रतिष्ठित है ।

सोमवार २७ जनवरी, १९७५
चं० पौष पूर्णिमा सौ० १५ माघ शक ७ माघ
नक्षत्र पुनर्वसु

विवेकानंद जयन्ती : मंगलवार २८ जनवरी, १९७५
चं० माघ कृष्ण १ सौ० १६ माघ शक ८ माघ
नक्षत्र आश्लेषा

न स सखा यो न ददाति सख्ये । ऋ० १०.११७.४
वह मित्र नहीं है जो साथी की सहायता नहीं करता ।

बुधवार २६ जनवरी, १९७५

चं० माघ कृष्ण २ सौ० १७ माघ शक ९ माघ

नक्षत्र मघा

शहीद-दिवस : बृहस्पतिवार ३० जनवरी, १९७५

चं० माघ कृष्ण ३ सौ० १८ माघ शक १० माघ

नक्षत्र पूर्वाफाल्गुनी

सं गच्छध्वं संवदध्वम् । ऋ० १०.१९१.२
मिलकर चलो, मिलकर संवाद करो ।

शुक्रवार ३१ जनवरी, १९७५

चं० माघ कृष्ण ४-५ सौ० १९ माघ शक ११ माघ

नक्षत्र उत्तराफाल्गुनी

शनिवार १ फरवरी, १९७५

चं० माघ कृष्ण ६ सौ० २० माघ शक १२ माघ

नक्षत्र हस्त

रविवार २ फरवरी, १९७५

चं० माघ कृष्ण ७ सौ० २१ माघ शक १३ माघ

नक्षत्र चित्रा

सोमवार ३ फरवरी, १९७५

चं० माघ कृष्ण ८ सौ० २२ माघ शक १४ माघ

नक्षत्र स्वाति

अश्मा भवतु नस्तनूः । यजु० २९.४९

हमारे शरीर पत्थर के समान दृढ़ हों ।

मंगलवार ४ फरवरी, १९७५

चं० माघ कृष्ण ९ सौ० २३ माघ शक १५ माघ

नक्षत्र विशाखा

बुधवार ५ फरवरी, १९७५

चं० माघ कृष्ण १० सौ० २४ माघ शक १६ माघ

नक्षत्र अनुराधा

अभूत्यै स्वप्नम् । यजु० १७.३०
सोना विनाश का कारण है ।

शनिवार ८ फरवरी, १९७५
चं० माघ कृष्ण १३ सौ० २७ माघ शक १९ माघ
नक्षत्र पूर्वाषाढ़ा

रविवार ९ फरवरी, १९७५
चं० माघ कृष्ण १४ सौ० २८ माघ शक २० माघ
नक्षत्र उत्तराषाढ़ा

सोमवार १० फरवरी, १९७५

सं० माघ कृष्ण १४ सौ० २९ माघ शक २१ माघ

नक्षत्र श्रवण

मंगलवार ११ फरवरी, १९७५

सं० माघ अमावस्या सौ० ३० माघ शक २२ माघ

नक्षत्र धनिष्ठा

मित्रस्याहं चक्षुषा सर्वाणि भूतानि समीक्षे । यजु० ३६ १८
मैं सभी प्राणियों को मित्र की दृष्टि से देखूं ।

बुधवार १२ फरवरी, १९७५

चं० माघ शुक्ल १ सौ० १ फाल्गुन शक २३ माघ

नक्षत्र शतभिषज्

बृहस्पतिवार १३ फरवरी, १९७५

चं० माघ शुक्ल २ सौ० २ फाल्गुन शक २४ माघ

नक्षत्र शतभिषज्

अदीनाः स्याम शरदः शतम् । यजु० ३६.२४
हम सौ वर्ष तक अदीन रहें ।

शुक्रवार १४ फरवरी, १६७५

